**जनपद हमीरपुर**

**दिनांक 09.09.2026**

## पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

आज दिनांक 09.09.2026 को पुलिस लाइन, हमीरपुर स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्किल सदर के प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी, विभिन्न शाखाओं के प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक एवं प्रतिसार निरीक्षक भी मौजूद रहे।

सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन, ड्यूटी निर्वहन की गुणवत्ता तथा आमजन के साथ व्यवहार को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं जनोन्मुखी बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया। पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, जनपद के अन्य थानों के प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारियों की समस्याओं एवं सुझावों को वर्चुअल माध्यम से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के नियमानुसार एवं शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग, प्रभावी कानून-व्यवस्था एवं आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया।

